तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026



12 भक्त गुहा निषादराज जयंती समारोह का हुआ आयोजन





14 जिला एवं तहसील ग्राम पटेल संघ का शपथ ग्रहण...







श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala HOSPITAL
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### महिला के गले से सोने का हार पार, मामला दर्ज

**बालोद।** बस से कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रही महिला के गले से सोने का हार गायब हो गया। जिसे बस में ढूढने पर नही मिला। जिसके बाद पीड़ित महिला ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमें पुलिस ने धारा 305(बी) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम नेवारीखुर्द वार्ड क्रमांक 15 निवासी पुष्पा बाई निषाद ने पुलिस को बताया कि 16 जनवरी को गुहा निषाद जंयती कार्यक्रम में सम्मिलित होने बालोद जाने के लिये मैं तथा मेरे साथ मुकेश्वरी निषाद, लता बाई साहू हम तीनो बस में बैठ कर बालोद आ रहे थे, बस में सभी यात्री सीट में बैठे थे, लगभग 01:35 बजे झलमला चौंक में पहुचने पर मुझे पता चला कि मेरे गले में पहने सोने का पत्ती 06 नग एवं सोने का गोल दाना 07 नग गले में नहीं था। तब मैं बस कनडेक्टर को आवाज लगाकर बतायी कि मेरे गले में पहने सोने का माला नहीं है, तब हम लोग बस में सोने के माला को ढुंढे जो नहीं मिला। झलमला चौंक में बस के आगे पीछे दरवाजा से बहुत से सवारी उतरे है मेरे सोने के माला को नेवारीखुर्द से झलमला चौंक के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति बस के अंदर चोरी कर लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ग्राम के मेला मड़ई के दिन दो लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम उसरवारा निवासी सेवा राम निषाद ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को हमारे गांव उसरवारा का मंडाई मेला का कार्यक्रम चल रहा है, रात्रि 07 बजे मैं अपने घर से मंडाई मेला घुमने के लिए निकला था और करीबन 07:30 बजे मंडाई मेला घुमते हुए गांव के तालाब के पास मेला स्थल टीन शेड के पास खड़ा था, उसी समय गांव का सुमित कुमार साहू पिता नाथू राम साहू एवं संजू साहू पिता गुरूराम साहू द्वारा पुरानी रंजीश की बात को लेकर दोनो गाली गलौज करते हुए सुमित कुमार साहू द्वारा अपने हाथ में पहने चूड़ा से एवं संजू साहू द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट किये है, मारपीट करने से मेरे सिर में एवं चेहरा में चोट आकर खून निकला है।

### पति पर हमला पत्नी ने लिखाई रिपोर्ट

**बालोद।** गांव के व्यक्ति द्वारा पति पर किए गए हमले के खिलाफ महिला ने पति के साथ मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम खुटेरी निवासी भुनेश्वरी निषाद ने पुलिस को बताया कि 05 जनवरी को करीबन 06 बजे मुझे चांद ठाकुर ने फोन से सूचना दिया कि रावनगाड़ा के पास लक्ष्मण यादव के घर के सामने तुम्हारे पति चित्रपाल निषाद के साथ झगड़ा लड़ाई हो रहा है, सूचना मिलते ही मै वहां पर गई, तभी गांव वालो द्वारा डिलेश्वर साहू को झगड़ा लड़ाई वाद विवाद नही करने के लिये समझाईश दिया जा रहा था तभी डिलेश्वर साहू के द्वारा गाली गलोच करते एवं जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े पत्थर को उठाकर मेरे पति चित्रपाल निषाद के सिर में मार दिया, मारपीट करने एवं पत्थर में मारने से मेरे पति के सिर तथा दाहिने हाथ में चोंट लगा है। घटना को लीलाधर साहू, चिमन साहू देखे सुने व बीच बचाव किये हैं।

**सम्मान :** सकारात्मक समाचारों के माध्यम से जंबूरी को दिलाई राष्ट्रीय पहचान

# राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में उत्कृष्ट मीडिया सेवा पर स्काउटर मिलन सिंह सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में मीडिया प्रभारी के रूप में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले स्वामी आत्मानंद शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुधली के स्काउटर मिलन सिंह सिन्हा को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। जंबूरी स्थल पर लगातार कई दिनों तक अपनी सेवाएं देने के लिए उन्हें राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव जितेंद्र साहू द्वारा मोमेंटो, ट्रैकसूट, पेन, डायरी सहित अन्य स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेंद्र साहू, राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, संयुक्त सचिव वीना यादव, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट अमित कुमार क्षत्रिय, राज्य संगठन आयुक्त गाइड जलवती साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट डॉ. पूनम सिंह साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरिता पांडे, जिला मुख्य



आयुक्त राकेश यादव एवं जंबूरी नोडल अधिकारी हिमांशु मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जंबूरी के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सर्विस रोवर-रेंजरों एवं विभिन्न प्रभारियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात मिलन सिन्हा ने इतने बड़े राष्ट्रीय आयोजन में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर एवं उनकी टीम, जिला प्रेस क्लब, प्रेस क्लब बालोद, सिटी प्रेस क्लब, प्रेस रिपोर्टर क्लब तथा सभी मीडिया कर्मियों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री सिन्हा ने बताया कि जंबूरी आयोजन के दौरान भ्रामक खबरों के प्रकाशन एवं छत्तीसगढ़ की छवि को धूमिल करने के प्रयासों के बीच सकारात्मक समाचारों, गतिविधियों तथा देश के विभिन्न राज्यों की कला एवं संस्कृतियों को जन-जन तक पहुंचाना एक बड़ी चुनौती थी। स्थानीय मीडिया के सहयोग से न केवल दुधली गांव में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली, बल्कि छत्तीसगढ़ का नाम स्काउटिंग के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हुआ। उन्होंने बताया कि जंबूरी मीडिया टीम के कमलेश साहू, अवधेश विश्वकर्मा, कृष्णकुमार ध्रुव, रवि कुमार बैगा, दीपक यादव एवं जितेंद्र शर्मा का विशेष सहयोग रहा। टीम द्वारा प्रेसवार्ताओं का आयोजन, राज्यपाल के हाथों जंबूरी पत्रिका का विमोचन, खबरों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जिला जनसंपर्क कार्यालय के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# सांकरा में प्राचीन मंदिर की मूर्तियों में तोड़फोड़

**अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गांव के मंदिर में स्थापित प्राचीन मूर्ति को अज्ञात व्यक्तियो द्वारा क्षति पहुंचाकर तोड़ फोड़ कर दिया गया है। जिसके बाद अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ पुजारी ने रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 298, 324(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सांकरा (क) निवासी लोमस राम नेताम ने पुलिस को बताया कि ग्राम सांकरा (क) में स्थित बाबा बईहा ठाकुर मंदिर में विगत 40 वर्षो से गुरूवार व सोमवार के दिन पूजा पाठ करते आ रहा हूं। उक्त मंदिर देव स्थल गोड़ सामाज के आस्था का केन्द्र है जो 1717 से स्थापित है जिसमें बाबा बईहा ठाकुर का घोड़े में बैठा हुआ दो मूर्ति स्थापित है तथा सामने दो शेर का मूर्ति स्थापित है। 08 जनवरी को मैं पूजा पाठ करने गया था तब सभी मूर्ति सही था 12 जनवरी के लगभग शाम 05 बजे मछली ठेकादार जैनू निषाद मेरे घर आकर बताया कि बाबा बईहा ठाकुर मंदिर में स्थापित मूर्ति को तोड़ फोड़ कर दिये है तब मैं देव स्थल जाकर देखा तो बाबा बईहा ठाकुर का घोड़े में बैठा हुआ दोनो मूर्तियों के हाथ– पैर को तोड़ दिये है तथा एक मूर्ति के सिर को अलग कर ले गया है, घोड़े का कान एवं दोनो शेर का दांत को तोड़ दिये है एवं देव पत्थर एवं धारन खम्भा नहीं है। जिसे ▶▶|शेष पेज 12 पर

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** जमीन विवाद के कारण दो पक्षो में मारपीट हो गई। जिसके बाद पीड़िता ने मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 07 जवाहरपारा बालोद निवासी नफीसा सिद्धीकी ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी 13 साल की लड़की के साथ अपने बुजुर्ग माता– पिता के साथ करीबन 14 साल से मायका में रह रही हूं। 16 जनवरी को रात्रि लगभग 09:30 बजे घर के सामने मेरा छोटा भाई जावेद सिद्धीकी के द्वारा जमीन बंटवारा की बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मेरी मां खुर्शीद सिद्धीकी के साथ मारपीट करने लगा मारपीट करने से मेरी मां के गाल, कन्धे में दर्द है तथा मैं एवं मेरे पापा अमीरूद्दीन सिद्धीकी बीच बचाव करने आये तो हम दोनो के साथ भी गाली गलौज कर धक्का मुक्की किया है एवं मेरी लड़की अक्शा खान के साथ भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया है।

# धान खरीदी की शानदार व्यवस्था से किसान खुश, 24 घंटे में हो रहा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें समय पर उनके उपज का सही भुगतान कर उन्हें प्रोत्साहित भी कर रही है।

■ सुव्यवस्थित केंद्रों से किसानों को मिली राहत

जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम तेलीटोला के प्रगतिशील किसान गामनलाल देवांगन ने बताया कि आज वे तीसरी बार अपना धान बेचने के लिए सुरेगांव स्थित उपार्जन केंद्र पहुंचे हैं। देवांगन ने बताया कि अक्सर उपार्जन केन्द्रों में भीड़ और अव्यवस्था की चिंता किसानों को रहती है, लेकिन धान उपार्जन केन्द्र में व्यवस्थाएं किसानों के अनुकुल और सुव्यवस्थित रही है। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पेयजल, शौचालय और बैठने जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतरीन थीं। तौल और हमालों की पर्याप्त सुविधा से धान विक्रय भी सुचारू रूप से हुई, जिससे उन्हें धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। किसान गामनलाल ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि



धान बेचने के 24 घंटे के भीतर ही उनके बैंक खाते में राशि जमा हो गई। उन्होंने बताया कि अपने मेहनत की कमाई का फल इतनी जल्दी मिलने पर काफी खुशी हुई थी। देवांगन ने विशेष रूप से राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है। इस सुगम व्यवस्था और त्वरित भुगतान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते युवक गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** जिला बालोद के थाना देवरी अंतर्गत चौकी पिनकापार क्षेत्र में 17 जनवरी शुक्रवार को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए एक युवक को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 16 जनवरी 2026 की शाम लगभग 7:15 बजे, चौकी प्रभारी पिनकापार सहायक उपनिरीक्षक अजित महोबिया पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पिनकापार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने पुलिया के पास एक व्यक्ति आम जगह पर बैठकर शराब का सेवन कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गवाह को साथ लेकर मौके पर दबिश दी। वहां लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा (उम्र 23 वर्ष), अरमान खान 21 वर्ष, पीतांबर यादव 20 वर्ष निवासी ग्राम राजाखुज्जी, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़ा गया। देशी प्लेन शराब की शीशी व प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास बरामद किया गया।गवाहों के समक्ष जब्ती की कार्रवाई की गई तथा आरोपी के मुंह से शराब की गंध आने की पुष्टि भी की गई।आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2015 की धारा 36(च)(1) के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर उसे शाम 7:45 बजे गिरफ्तार किया गया। प्रकरण जमानती होने के कारण आरोपी द्वारा जमानत प्रस्तुत करने पर उसे मुचलके पर रिहा कर दिया गया। मामले को थाना देवरी में पंजीबद्ध कर आगे की विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन न करने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अन्नूटोला में दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम पंचायत अन्नूटोला में दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया उपस्थित रहीं। इस अवसर पर ग्राम विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के अंतर्गत पुलिया का भूमिपूजन तथा सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण भी किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को मर्यादा, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला महान दर्शन है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और संस्कारों को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने



विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण

का कार्य करते हैं। विधायक ने ग्राम के समग्र विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत अन्नू टोला की सरपंच गोमती नायक ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, ब्लॉक युवा अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, वैभव साहू, समाजसेवी दिनेश गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता थान सिंह रावटे, पुरन नायक एवं पीमन देशमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक ललित साहू, इमरान खान, रामलाल साहू, रूमलाल साहू, तिलक कोरेटी, देवा साहू, नंदलाल ▶▶|शेष पेज 12 पर

**जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं**

# निषाद समाज ने मनाई भक्त गुहा निषादराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


ग्राम बिरेतरा और ग्राम चिचलगोंदी में निषाद समाज द्वारा आयोजित भक्त गुहा निषादराज जयंती का पर्व मनाया गया। इस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता, भक्ति और भगवान श्रीराम व निषादराज के अटूट प्रेम की गूंज सुनाई दी। समारोह को जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने भक्त गुहा निषादराज के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि निषादराज प्रभु श्रीराम के अनन्य सखा थे। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और महाराज गुहा निषादराज का प्रेम ऊंच–नीच और जाति–पाति के बंधनों से परे था। जब प्रभु वनवास पर थे तब





निषादराज ने ही उन्हें गंगा पार कराया था। उनका संबंध समर्पण और अटूट मित्रता का प्रतीक है, जो आज के समाज को आपसी सद्भाव की सीख देता है। उन्होंने बिरेतरा और चिचलगोंदी दोनों ही ग्रामों में उपस्थित जनसमूह को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास और सामाजिक उत्थान का संकल्प दोहराया। इस दौरान समाज ग्राम चिचालगोंदी में जनपद सदस्य ओमेश्वर साहू, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्ष पेंशनर संघ गुण्डरदेही दाऊ हरदेव लाल दिल्लीवार, सरपंच चिचलगोंदी मीना दिल्लीवार, ग्रामीण अध्यक्ष भानुराम यदु, उपसरपंच संतोष ठाकुर, पंच लता साहू, सामाजिक अध्यक्ष नेमू राम निषाद, कुलेश्वर निषाद तथा ग्राम बिरेतरा में जनपद सदस्य रीना देशमुख, पूर्व सदस्य जिला पंचायत पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच बिरेतरा तारिणी देशमुख, पूर्व सरपंच योगेश देशमुख, ग्रामीण अध्यक्ष हेमू राम रजक, पंच ललिता निषाद, पंच रामदेव रजक, पंच घनशुराम साहू, पंच छन्नू राम साहू, सामाजिक अध्यक्ष महेश कुमार निषाद, हेमंत निषाद, हरूराम निषाद सहित निषाद समाज के पदाधिकारी, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
अंचल का सर्वश्रेष्ठ
ICU & CRITICAL CARE



डॉ. संजय गोयल
MBBS, MD
Fellowship in Pain Management
Fellowship in Critical Care



डॉ. तिलेश खुसरो
MBBS, MD



डॉ. लिजो डेनियल
MBBS, DNB, MRCP(UK)

इंफेक्शन से बचाव के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकाल
● 24x7 विशेषज्ञ देखभाल ● अनुभवी इंटेंसिविस्ट और स्टाफ दिन-रात आपकी सेवा में ● आधुनिक वेंटिलेटर सुविधा ● क्रिटिकल मरीजों के लिए हाई-एंड टेक्नोलॉजी ● सुरक्षित वातावरण संक्रमण मुक्त और स्वच्छ ICU रूम ● विशेषज्ञों की निगरानी ● हर मिनट मरीज की हालत पर पैनी नजर
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप



### ग्राम नरबदा में दंत परीक्षण एवं दंत फ्लोरोसिस जांच शिविर आयोजित

**गुरूर।** ग्राम नरबदा में दंत परीक्षण एवं दंत फ्लोरोसिस जांच शिविर का आयोजन जिला प्रशासन के आदेशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ दंतशल्य चिकित्सक डॉक्टर दीपक गोरे द्वारा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के सभी उपस्थित बच्चों का दंत परीक्षण एवं दंत फ्लोरोसिस जांच किया गया। जिनमें कुल 126 बच्चे का जांच किया गया। जांच के दौरान 19 बच्चों में हल्के से मध्यम स्तर के दंत फ्लोरोसिस पाया गया। लक्षण पाए गए संबंधित बच्चों को आगे आवश्यक सर्वेक्षण हेतु चिन्हांकित किया गया है। शिविर में सभी बच्चों एवं शिक्षको को मुख स्वास्थ्य के अंतर्गत स्वच्छता से संबंधित आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। साथ ही समुदाय में जागरूकता लाने दंत फ्लोरोसिस से संबंधित पम्पलेट भी वितरण किया। उक्त शिविर में दंत सहायक प्रशांत ठाकुर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक युधन साहू एवं संस्था के शिक्षकों का योगदान रहा।

### सिकोसा में पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 22 से

**बालोद/सिकोसा।** गुण्डरदेही विधानसभा के आदर्श ग्राम पंचायत सिकोसा में पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 22 जनवरी से किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार इनकावन हजार रुपए रखा गया है। पुरस्कारों में विशेष सहयोग जनप्रतिनिधियों और जन सेवकों के द्वारा प्रदान किया जा रहा है। यह आयोजन श्रद्धांजलि कप के द्वारा कराया जा रहा है और समापन के दौरान सिकोसा लोक कला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के कलाकारों एवं फिल्म निर्माता मोहित साहू की टीम की प्रस्तुति होगी तथा समापन में सतनामी समाज के गायक हेमलाल चतुर्वेदी का कार्यक्रम होगा। यह आयोजन चतुर्थ वर्ष का होना है जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है, आयोजन युवा साथी और ग्राम पंचायत सिकोसा के द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

## पेज 11 के शेष...

### सांकरा में प्राचीन...

कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 12 जनवरी को दोपहर 3– 4 बजे के मध्य तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है। जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा है। घटना के संबंध में गांव के ग्राम प्रमुख एवं सामाजिक व्यक्तियों को सूचना दिया हूं। अज्ञात व्यक्ति का खोजबीन सामाज के लोगों के द्वारा किया गया।

### अन्नूटोला में दो...

पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना का संचार हुआ। पूरा आयोजन भक्तिमय, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में जारी है।

समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी, द.राजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

मैं वीरसिंह पिता स्व. फगुआ सिंह, जाति कंवर, उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम जर्वे, पोस्ट जर्वे, तहसील करतला, जिला कोरबा (छ.ग.) शपथकर्ता निम्न कथन करता हूंः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं ।
2. यह कि मै छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के अंतर्गत 11वीं बटालियन भा.र.छ.स.ब. सी. कंपनी केम्प में पुलिस लाईन कोरबा में आरक्षक के पद पर कार्यरत हूं मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों मेरा नाम वीरसिंह पिता स्व. फगुआ सिंह अंकित है। परन्तु मेरे शासकीय सेवा पुस्तिका अभिलेख में मेरा नाम वीरसिंह कंवर पिता फगुआ सिंह कंवर अंकित हो गया है। जो कि गलत व त्रुटिपूर्ण प्रविष्ठि है। मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों के अनुसार सेवा पुस्तिका को सुधार कराना चाहता हूं । जिसकी पुष्टि में इस शपथ पत्र की मुझे आवश्यकता हुई है ।
3. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है, गलत पाये जाने पर मुझ पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है। मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी ।
4. यह कि इस प्रकार के शपथप पत्र की मांग सक्षम प्राधिकारी द्वारा मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में अंकित नाम वीरसिंह पिता स्व. फगुआ सिंह, के अनुसार सेवा पुस्तिका में अंकित नाम वीरसिंह कंवर पिता स्व. फगुआ सिंह कंवर को सुधार करने के प्रमाण की पुष्टि में की गई है। **शपथकर्ता- वीरसिंह**

// सत्यापन //

मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा उक्त में दी गई शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 में दी गई कुल जानकारी मेरे अधिकतम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है, अतः आज दिनांक 17.01.2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया हूं ।

**शपथकर्ता- वीरसिंह**

## आयोजन : रस्साकसी प्रतियोगिता से शुभारंभ, महिला मार्गदर्शन शिक्षिकाओं द्वारा किया

# विकासखंड स्तरीय युवा महिला खेल में शासकीय स्कूल की छात्राओं का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विकास खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बटेरा मैदान में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जनपद सदस्य दुलारी देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर और बटेरा सरपंच सुशीला अमरिया उपस्थित थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्विन साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मोहित भौंसार्य द्वारा किया गया, कार्यक्रम के नोडल के रूप में व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र देहारी उपस्थित थे। कार्यक्रम शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर



पुष्प गुलाल अर्पित अतिथियों द्वारा किया गया। खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि और महिला मार्गदर्शन शिक्षिका एनुका शार्वा,रीना बोरकर, ध्रुव के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता से खेल प्रारंभ हुआ। विकासखंड के सभी प्रतिभागी सभी महिला प्रतिभा की 8 से 18 आयु वर्ग तथा 18 से 35 आयु वर्ग की महिलाएं शामिल थी। जिसके अंतर्गत 100 मी, 400 मी दौड़ खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, कुश्ती, शामिल थे। जिसमें शास बा उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने खो खो में प्रथम और रस्साकसी में गायत्री, गीतू, गीतिका, माधुरी, पूनम, कृतिका, प्रियंका आदि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी व्यायाम शिक्षक प्रीतराम ठाकुर, हेमंत दखने,खिलेश्वर् ,दिनेश नायक, प्रशांत जगनायक शामिल थे। छात्राओं की सफलता पर प्राचार्य वी के भंडारी, व्याख्याता एल के ठाकुर,डुप्ले साहू, लवण साहू, पुष्पा कटेंद्र, छायां नंदा, हेमंत साहू, हेमपुष्पा नाईक,कपिल पटेल, सूर्योदय मानिकपुरी, भुपेंद्र पटेल, तथा समस्त शिक्षको ने बच्चों को बधाई प्रेषित किए हैं।

## कोटेरा स्कूल में निःशुल्क सरस्वती सायकिल वितरित, छात्राओं में खुशी का माहौल

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटेरा में शनिवार, 17 जनवरी को शासन की महत्त्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 20 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल प्रदान की गई, जिससे छात्राओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।



सायकल वितरण कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष कौशल कुमार रात्रे, ग्राम पंचायत कोटेरा की सरपंच पलेश्वरी गांवरे, ग्राम पटेल मन्नूलाल ठाकुर, तालूराम यादव, देवल सिंह चिराम, सोगरा बेगम सहित समस्त शिक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य अनिता सिंह ने की। विशेष रूप से विद्यालय के शिक्षकगण दिलीप कुमार कोसरे, सरिता भुआर्य, संतोष चौरसिया, दीपिका बोरकर, कोमल सिंह कोर्टे, ज्योति डेहरिया, दुष्यंत बारले, प्रेमचंद महलेश्वर एवं परमेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को सायकल प्रदान करते हुए कहा कि निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना, विद्यालय तक आवागमन को सरल बनाना तथा बालिकाओं के विद्यालय छोड़ने की दर को कम करना है। सायकल मिलने से छात्राओं को समय की बचत होगी और वे नियमित रूप से विद्यालय आ-जा सकेंगी। प्राचार्य श्रीमती अनिता सिंह ने शासन की इस योजना को बालिका शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया।

# संजीव चौधरी बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कार्यकर्ताओं में उत्साह



### अभिनंदन समारोह में जनपद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी के अध्यक्ष पद पर संजीव चौधरी की नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति के पश्चात ग्राम पिनकापार पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संजीव चौधरी का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि रहेगा तथा पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री केशव शर्मा ने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि संजीव चौधरी के नेतृत्व में देवरी ब्लॉक में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय एवं सहयोग से संगठन को नई दिशा दी जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष के अभिनंदन अवसर पर जनपद सदस्य टीकमबाई निषाद, दुर्गा ठाकुर, सुमन सोनबोईर, धनेश्वरी चौधरी, विधायक प्रतिनिधि डॉ. बरसन लाल निषाद, भूषण यदु, ढालसिंह ठाकुर, भूषण मारकंडे, हेमंत कोमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संजीव चौधरी के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने पर जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, गिरीश चंद्राकर, ललित हिरवानी, सुनील गोलछा, जनपद के पूर्व अध्यक्ष जागृत सोनकर, भूपेश नायक, इंदरचंद बाफना, टेमन देशमुख, केजूराम सोनबोईर, माधव ठाकुर, जानकी साहू, मुकुंद रावटे, इंदरमन देशमुख, दीपिका देशलहरे, ऐनकुमार साहू एवं पुरुषोत्तम उर्वशा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

■ ब्लॉक अध्यक्ष ने संगठन में एकजुटता का आह्वान किया

# कलेक्टर मिश्रा ने फागुनदाह धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को शेष कृषकों की शत प्रतिशत धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र फागुनदाह का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक धान की बिक्री करने हेतु शेष रह गए कृषकों की शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित करने हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम हेतु किसानों के पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन के उपरांत ही टोकन काटने के निर्देश दिए। मिश्रा ने रकबा समर्पण के कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने एवं केवल साफ–सुथरे तथा गुणवत्तायुक्त धान की ही खरीदी सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी के कार्य में विस्तृत समीक्षा की। मिश्रा ने बैठक में उपस्थित राजस्व, निरीक्षक एवं पटवारियों को टोकन जारी करने एवं रकबा सत्यापन के संबंध में भी विस्तृत दिशा–निर्देश दिए।

# भक्त गुहा निषादराज जयंती समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी।

डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के कुसुमकसा भाजपा मंडल के ग्राम घोटिया परिक्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित भक्त गुहा निषाद जयंती समारोह प्रदीप केवर्ट संयोजक छ ग मछुवारा प्रकोष्ठ व भाजपा मंडल कुसुमकसा अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाज के लोगों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाल कर ढोल बाजा के साथ अतिथियों का स्वागत किया तत्पश्चातकार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम चंद्र एवं भक्त गुहा निषाद राज के तैल चित्र का पूजा अर्चना कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप केवट मछुआरा प्रकोष्ठ संयोजक एवं अध्यक्षता कर रहे योगेंद्र सिन्हा सहित मंच में उपस्थित समस्त अतिथियों का पुष्प



गुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। अतिथियों द्वारा निषाद समाज के सामुदायिक एवं सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण भी किया गया। तत्पश्चात प्रभु श्री राम जी के अनन्य केवट महाराज ने अपने नाव में बैठाकर माननीय मंडल अध्यक्ष गाँधी एवं समस्त अतिथियों पार लगाया। मंडल अध्यक्ष सिन्हा ने प्रभु श्रीराम जी का जयकारे के साथ उद्बबोधन में समस्त परिक्षेत्र से आए समाज के लोगों को निषाद जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एवं बताया कि भगवान श्री राम के प्रिय सखा निषाद राज की जयंती पर केवट समाज द्वारा बड़े ही भव्य रूप से सभी जगह शोभा यात्रा निकाली जाती है समाज के लोगों हमेशा एकत्र होकर काम करने को कहा और बताया कि केवट रामायण का एक खास पात्र है, जिसने प्रभु श्री राम को वनवास के दौरान माता सीता और लक्ष्मण के साथ अपने नाव में बिठा कर गंगा पार करवाया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मितेन्द्र वैस्नव, हेमंत साहू भाजपा नेता व निषाद समाज के ग्राम घोटीया परिक्षेत्र के अध्यक्ष महेश राम निषाद, भाजपा नेता शशि कांत निषाद ग्राम पंचायत घोटियां सरपंच ममता मंडावी, उप सरपंच भोज राम साहू, दानी राम निषाद, बहुर निषाद, तीरथ निषाद, फिरतू निषाद, टेमिन निषाद, शत्रुघ्न निषाद, पुखराज निषाद, कौशलेंद्र साहू, संदीप देवांगन एवं समस्त सामाजिक गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पानी छोड़ने का विरोध करने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ईट रखे खेत में पानी डालने से मना करने पर आरोपी व्यक्ति ने पीड़ित व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 118(1), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पचेडा निवासी आत्मा पटेल ने बताया कि गांव के करूणा पटेल के जमीन में पिछले वर्ष ईटा बनाकर सुरक्षा के दृष्टि से ईटा को रखा था, रखे ईट को मैं भटठा से निकालकर उसी खेत में अलग रखा था, 05 जनवरी के दोपहर 12 बजे खेत जाकर देखा तो बगल के खेत वाले कुबेर सिंह मरार के द्वारा अपने खेत में लगे बोर मशीन को चालू कर मेरे द्वारा रखे ईट के खेत में पानी भर गया, जिसे मैं कुबेर सिंह मरार को क्यो बोर के पानी को खेत में डाले हो बोलने पर कुबेर सिंह मरार के द्वारा मुझे गाली गलौच कहते हुए मेरा कॉलर को पकडकर जमीन में गिराकर हाथ मुक्का से मारपीट कर मेरा दाहिना हाथ के मध्यमा अंगुली को दांत से दबा दिया, पास में खम्मन निषाद था जिन्होने लडाई झगडा को देखकर बीच बचाव किया है, मारपीट से मेरा दाहिने हाथ के मध्यमा अंगुली में चोट आकर खुन निकल कर दर्द हो रहा है।

# योगेश श्रीवास्तव ने देहदान कर बने मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर के सेवानिवृत्त उप वनक्षेत्रपाल योगेश श्रीवास्तव का शुक्रवार की रात 66 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही संजय नगर स्थित उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए नगरवासियों का तांता लगा रहा। योगेश श्रीवास्तव ने अपने जीवनकाल में ही देहदान का संकल्प लिया था तथा इससे संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं और कागजी कार्यवाही पूर्ण कर चुके थे।



योगेश श्रीवास्तव का संपूर्ण जीवन श्रद्धा, सरलता, सेवा और सात्त्विकता से परिपूर्ण रहा। वे संतों की सेवा, पारमार्थिक कार्यों और समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के प्रसार के लिए सदैव समर्पित रहे। उनका स्नेहिल, सौम्य और करुणामय व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा। साधनहीनों के प्रति उनकी दया, निराश्रितों के लिए निष्काम सेवा तथा ईश्वर के प्रति अटूट आस्था उनके जीवन की पहचान थी। नगरवासियों के अनुसार चिकित्सा, सामाजिक व पारमार्थिक आयोजनों तथा विभिन्न संस्थागत कार्यों में उनकी उदारता और निःस्वार्थ सहभागिता चिरस्मरणीय रहेगी। उन्होंने जीवनभर बिना किसी प्रचार के शांत भाव से सेवा कार्य किए, जो उनकी आध्यात्मिक ऊंचाई को दर्शाता है।

जीवन में निस्वार्थ सेवा करने वाले योगेश श्रीवास्तव ने मृत्यु के पश्चात भी मानव सेवा का मार्ग चुना। उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप परिजनों ने उनका देहदान मेडिकल कॉलेज रायपुर को किया। मेडिकल कॉलेज की टीम ने उनके निवास पर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर पार्थिव देह को ग्रहण किया। अब उनका देह मेडिकल विद्यार्थियों की शिक्षा एवं अनुसंधान में उपयोगी होगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिलेगा।

# डीईओ ने किया 10वीं और 12वीं प्री बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने विद्यालयों में चल रही 10वीं व 12वीं प्री बोर्ड की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जांची गई उत्तर पुस्किाओं के मूल्यांकन का अवलोकन किया गया एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाए जाने की रणनीति बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

चिन्हाकित कमजोर बच्चों को सीमित पाठ्यक्रम की लगातार तैयारी कराने, कमजोर बच्चों को रोजाना 5 प्रश्न गृहकार्य में दिये जाने एवं शिक्षकों द्वारा इसे हर-रोज मूल्यांकन कर बच्चों की कमियां एवं इन कमियों को सुधारने के टिप्स दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई के कक्षा 12वीं के कला संकाय के 50 प्रतिशत से कम रिजल्ट को लेकर चिंता जताई एवं शिक्षकों को कला के विषयों में उत्तर लिखने के पैटर्न का निरंतर अभ्यास कराए जाने एवं पिछले 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करवाने के निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़यिा के 10वीं कक्षाओं के छात्रों को परीक्षाओं के चलते समय से पूर्व घर भेज दिया गया जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य व शिक्षकों को फटकार लगाई एवं दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी।

# पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद, पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पति द्वारा खाने की बात को लेकर की गई मारपीट के बाद पत्नी ने अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम सनौद निवासी भोज बाई निषाद ने पुलिस को बताया 12 जनवरी को रात्रि करीबन 07.15 बजे मेरे पति शराब पीकर घर आया और मुझे खाना मिलेगा, कि नहीं मिलेगा बोला तो मैं बोली कि दोपहर का खाना बचा हुआ है, उसे फ्राई कर खाना दूंगी कहने पर मैं फ्राई चावल खाने वाला ड्रायवर नहीं हूं बोलकर गुस्सा में आकर गाली गलौज कर दोनों हाथ से मेरे गला को पकड़कर दबाकर पलंग में गिराकर हाथ मुक्का से पीठ को मारपीट किया है, जिसे छुड़ाकर घर से भाग रही थी, तो पुनः गाली गलौज कर रहा था। मारपीट करने से पीठ व गला में दर्द हो रही है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


दुर्ग सम्भाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं
स्व. ताराचंद साहू जी
स्मृति सम्मान समारोह
स्थान : रविशंकर स्टेडियम, दुर्ग
दिनांक : 18-01-2026
स्व. ताराचंद साहू जी
पूर्व सांसद
प्रथम प्रदेश अध्यक्ष भाजपा (छ.ग.)
दीपक ताराचंद साहू
पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प वि.बो.
नंदलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- दुर्ग
चन्द्रभूषण साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- भिलाईनगर
नारद साहू अधिवक्ता
अध्यक्ष
साहू समाज जिला- बेमेतरा
महेन्द्र साहू
अध्यक्ष
जिला साहू समाज, बालोद
भागवत साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-राजनंदगाव
टीलेश्वर साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-खैरागढ़ छुईखदान-गंडई
धरमलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-कबीरधाम
मदनलाल साहू
अध्यक्ष
साहू समाज जिला-मानपुर मोहला चौकी
आनंद साहू
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
गिरवर बंटी साहू
सभापति
भिलाई नगर
पालिक निगम
देवकुमार साहू
दुर्ग संभाग संयोजक
युवा प्रकोष्ठ,छ.ग.प्र. साहू संघ
प्रदेश सह. सोशल मीडिया प्रभारी
पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा (छ.ग.)
भोला साहू
सर्व छ.ग. समाज संगठन
अध्यक्ष, वैशाली नगर
मुरली साहू
पूर्व प्रदेश संगठन सचिव
छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ
इंजी. प्रेम किशन साहू
पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री
युवा प्रकोष्ठ, प्रदेश साहू संघ
निलेश साहू
प्रदेश संगठन सचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
मुकेश साहू
पूर्व दुर्ग जिला
संयोजक, युवा प्रकोष्ठ
डॉ. शैलेन्द्र साहू
राष्ट्रीय अध्यक्ष
माँ कर्मा भोग
प्रसाद वितरण समिति
डॉ. पंकज राठौर
संभाग संयोजक
चिकित्सा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
हरिशंकर साहू
संगठन सचिव
साहू मित्र सभा
भिलाई नगर
सूरज साहू
रेड ड्राप फ्रेंड्स
क्लब संयोजक
सामदेव साहू
दुर्ग संभाग महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
छ.ग.प्र. साहू संघ
अजीत साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
गजेन्द्र साहू
भिलाई जिला महासचिव
युवा प्रकोष्ठ
कबीर साहू
डायरेक्टर
सिगमा ग्रुप ऑफ कंपनी
उपाध्यक्ष-दुर्ग संभाग,
युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### बोहारडीह में संगीतमय मानस गान सम्मेलन आयोजित

**गुरूर।** ग्राम बोहारडीह त्रि दिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन का आयोजन 16 जनवरी से 18 जनवरी तक किया जा रहा है। जिसमें उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू थे। विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर संध्या राजेंद्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर संतोषी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बोहारडीह राजेंद्र साहू, दिनेश जामडार, तारा मंडावी, चंद्रेश साहू, रामस्वरूप नेताम, पुराणिक मरकाम, भरत पटेल, सेवती नागवंशी, पेमीन साहू, गणेशिया ओटी, जानकी ओटी, धर्मेंद्र टंडन, सुरुचि देशलहरे थी। इस अवसर पर सुनीता साहू ने कहा कि कथा सुनने की बजाय कथा की बातों को जीवन में आत्मसात करें। माताएं बच्चों को संस्कारवान बनाये। घर में राम को अवतरित करना हो तो माताओं को कौशल्या बनना पड़ेगा। रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने रामायण में बताए मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात करने का लोगों से आह्वान किया।

### अंतर्जिला युवा विनिमय कार्यक्रम के लिए यशवंत का हुआ चयन

**बालोद/अर्जुन्दा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय भारत सरकार द्वारा युवाओं के सांस्कृतिक



विकास तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के परिवेश को जानने के उद्देश्य से पांच दिवसीय, अंतर्जिला युवा विनिमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बालोद, दुर्ग के 35 युवा रायगढ़ जिले में जाकर वहां की संस्कृति, पर्यावरण तथा परिवेश को समझ पाएंगे।

यह शिविर दिनांक 19 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 तक जिला रायगढ़ में आयोजित होगा। जिसमें बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम डुड़िया के यशवंत कुमार टंडन पिता हूबलाल टंडन का चयन अंतर जिला युवा विनिमय कार्यक्रम रायगढ़ के लिए हुआ है। यशवंत इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### श्री गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल न्यास की बैठक 19 जनवरी को

**लाटाबोड़।** न्यास श्री गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल सभी सम्मानित सदस्यों को जानकारी दी जा रही है कि 19 जनवरी सोमवार को 12 बजे प्रशासनिक बैठक के साथ सदस्यों के बैठक का भी आयोजन रखा गया है। समिति के सचिव चुरामन चंद्राकर ने समिति के सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य बताया है। जिसमें आगामी मेला 2026 की तैयारी के सम्बन्ध मे सदस्यों के विचार विमर्श किया जाएगा।

### ग्राम डढ़ारी में मेला मड़ई 21 जनवरी को

**गुरूर।** ग्राम डढ़ारी में मेला मंडई का आयोजन 21 जनवरी को किया गया है। जिसमे ग्रामीण विकास समिति द्वारा रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम का आयोजित किया गया है।

## समस्या : गड्ढों और उबड़-खाबड़ सड़क से वाहन चालकों को परेशानी


# देवरी-देवसर-नाली पार से तिरगा मार्ग बदहाल, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

गुण्डरदेही ब्लॉक बालोद जिले देवरी, देवसर, नाली पार से तिरगा तक जाने वाला ग्रामीण मार्ग इन दिनों बेहद खराब स्थिति में है। मुरूम से बनी यह सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वाले किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मार्ग आसपास के गांवों के लिए मुख्य संपर्क सड़क है, जिसका उपयोग किसान खेतों तक जाने, कृषि कार्यों तथा उपज के परिवहन के लिए प्रतिदिन करते हैं। सड़क पर बने गड्ढों और उबड़-खाबड़ सतह के कारण ट्रैक्टर, दोपहिया और अन्य वाहनों को निकलने में काफी दिक्कत हो रही है।

बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। मुरूम की सड़क कीचड़ में बदल जाती है, वहीं गर्मी के मौसम में उड़ती धूल से दृश्यता कम हो जाती है। कई स्थानों पर सड़क इतनी खराब है कि वाहन चालकों को धीमी गति से चलना पड़ता है, जिससे



समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में अधिक परेशानी होती है। आपातकालीन स्थिति में इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा साबित हो सकता है। लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण इसकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को उम्मीद है कि आने वाले समय में इस मार्ग की स्थिति में सुधार होगा, ताकि उन्हें रोजमर्रा के कामों में राहत मिल सके।

### मेगा मीटिंग एपीएस में, पालकों की रही सक्रिय सहभागिता

डौंडीलोहारा। सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में शनिवार को मेगा मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। बैठक का मुख्य एजेंडा विद्यार्थियों का आधार सीडिंग, बैंक पासबुक का ई-केवाईसी, राशन कार्ड ई-केवाईसी, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारियों तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के फेयरवेल कार्यक्रम से संबंधित विषयों पर केंद्रित रहा। इसके साथ ही प्रत्येक पालक से उनके बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव भी साझा किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने पालकों से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग की अपील की। बैठक में पालकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, पूर्व अध्यक्ष नोपचंद जैन एवं रवि जैन, सदस्य प्रभा जैन, विद्यालय प्रबंधक हीराचंद जैन, प्राचार्य साइनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू, पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यादव, एम.ए.आर. खान सहित विद्यालय स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# मां शीतला मंदिर में अज्ञात चोरों ने 21,600 रुपये के श्रृंगार सामान की चोरी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्राम के मां शीतला मंदिर में अज्ञात चोरो द्वारा 21,600 रूपये के माता श्रृगार सामान की चोरी कर ली गई। जिसके बाद पुजारी द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमें पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम जुंगेरा वार्ड क्रमांक 11 निवासी श्रवण कुमार ठाकुर ने पुलिस को बताया कि विगत 04 वर्षो से शीतला मंदिर में पूजा पाठ का काम करता हूं। 14 जनवरी को प्रातः 06 बजे पूजा पाठ करने के लिये शीतला मंदिर गया था, पूजा करने के बाद मंदिर के सामने दरवाजा में ताला लगाने के बाद अपने घर आ गया। शाम करीबन 06 बजे मंदिर के पास गया था मंदिर के दरवाजा में ताला लगा था। 15 जनवरी के प्रातः 06 बजे पूजा करने के लिये गया तो सामने दरवाजा में लगे ताला नहीं था तथा दरवाजा आधा खुला हुआ था मंदिर में प्रवेश कर देखा तो अंदर का भी दरवाजा खुला हुआ था। शीतला माता जी के श्रृंगार, कमर में चांदी का करधन लगभग 10 तोला कीमती 9,000 रूपये, चांदी का पायल लगभग 4 तोला कीमती 3,600 रूपये तथा सोने का नथली लगभग 3 ग्राम कीमती 9,000 रूपये कुल जुमला कीमती 21,600 रूपये का जो पुराने चढाव में प्राप्त हुआ था को शीतला माता जी के प्रतिमा से निकालकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 14 जनवरी के शाम 06 बजे से 15 जनवरी के प्रातः 06 बजे के मध्य मंदिर में लगे ताला को तोड़कर मंदिर अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है।

### अफीम के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अफीम का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर महाराणा प्रताप चौक, सेक्टर-6 भिलाई के पास बाइक में अफीम बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा था। इस दौरान पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर वृद्ध को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर वृद्ध ने अपना नाम सेक्टर 6 निवासी बलवीर सिंह 65 वर्ष बताया है। तलाशी लेने पर आरोपी के बाइक की डिक्की से अफीम 205 ग्राम 40 हजार, नगदी 500 रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। इसके अलावा बाइक की कीमत 25 हजार रुपए अआंकी गई है। कुल सामानों की कीमत 80 हजार 500 रुपए आंकी गई है।

## जिला एवं तहसील ग्राम पटेल संघ का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह में अपर कलेक्टर रहे मुख्य अतिथि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला एवं तहसील ग्राम पटेल संघ बालोद द्वारा शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम सिवनी में आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर नूतन कुमार कंवर थे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविशंकर कोटेन्द ने किया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा, थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा, अध्यक्ष तहसील बालोद डोमार सिंह कुंवर, सरपंच ग्राम पंचायत सिवनी बहुर सिंह नेताम, संरक्षक जिला बालोद केवल सिंह चंदेल, अध्यक्ष तहसील गुण्डरदेही ढाल सिंह साहू, अध्यक्ष तहसील गुरूर रामचंद्र साहू, अध्यक्ष तहसील डौंडीलोहारा कुशल मंडावी, अध्यक्ष तहसील डौण्डी अनिल कुमार निषाद, संगठन सचिव ललित कुमार, हेमंत यादव, जिला सचिव अशोक कुमार साहू, तारेद्र देशमुख, योगेन्द्र सिंह देशमुख, सुदामा साहू, होरी लाल साहू, भोमराज साहू, लिलेश्वर साहू, जोहन प्रधान एवं, जिला व तहसील ग्राम पटेल संध बालोद के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी संध के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दिया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना से सशक्त बनें सेन समाज के युवक-युवतियां : कौशिक

**बालोद।** सेन नाई समाज जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने सेन समाज के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियो से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाकर सशक्त बनने की अपील की है। उन्होने कहा इस योजना का उद्देश्य परंपरागत कामगारों को सशक्त बनाना है। संतोष कौशिक ने



कहा कि इस योजना मे पहले केश शिल्पी का प्रशिक्षण देना, प्रति दिन के हिसाब से प्रशिक्षण का 500 रुपये देना, प्रशिक्षण के पश्चात कौशल प्रमाण पत्र, उसके बाद 15000 रुपये का टुलकिट, फिर 1 लाख रुपए का ऋण, ऋण अदा हो जाने पर 5 लाख का ऋण देना है। सेन नाई समाज का पुरखौती धंधा सैलुन एवं बयुटी पार्लर को अन्य समाज के लोग कर कर रहे हैं और उनके आधीन होकर हमारे समाज के कुछ लोग उनके दुकान में नौकरी कर रहे हैं जो कि गलत है समाज के जिन लोगो की आर्थिक स्थिति कमजोर है उन्हे इस योजना का लाभ उठा कर स्वयं दुकान खोलना चाहिए। हमारे समाज के पेट में लात मारने वाले अन्य समाज के सैलुन एवं ब्युटी पार्लर में कार्य करने वाले सेन युवक युवतियों पर समाजिक कार्यवाही करने की बात करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि बालोद जिले के ऐसे युवक युवती जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है तो अपने पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, जनपद पंचायत जिला पंचायत कार्यालय से सम्पर्क करे, ऑनलाइन पंजीकरण करने की पुरी सुविधा है। उन्होने कहा यह योजना हमारे समाज के लिए आर्थिक और तकनीकी रुप से कारगर सिद्ध होगा, समाज में निचले स्तर से ऊपर तक के संगठन मे पदाधिकारी नियुक्त है, इस पुनित कार्य में आपका सभी सहयोग करेंगे।

# गायत्री परिवार के कार्यकर्ता शताब्दी समारोह में शामिल होने हरिद्वार रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा/दल्लीराजहरा

- चार दिवसीय शताब्दी समारोह 20 से 23 जनवरी को बैरागी द्वीप, हरिद्वार में

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक संरक्षक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखंड दीप प्राकट्य, साधना के शुभारंभ तथा परम वंदनीया माता जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर बसंत पंचमी महापर्व (बोध दिवस) के अंतर्गत 20 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित चार दिवसीय शताब्दी समारोह में शामिल होने विकास खंड डौंडीलोहारा से गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता शांतिकुंज हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर गए। यह शताब्दी समारोह बैरागी द्वीप, हरिद्वार (उत्तराखंड) में



आयोजित किया जाएगा, जिसमें विश्व भर से गायत्री परिवार के कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ शताब्दी वर्ष 2026 में संपन्न होने वाले कार्यक्रमों पर चिंतन एवं भावी कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की जाएगी। विकास खंड डौंडीलोहारा से ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू के मार्गदर्शन में तुलसी साहू, कैलाश नाथ साहू, श्रुति साहू, विरेंद्र साहू, पीलू राम साहू, वशिष्ठ मरकाम, बालसिंह साहू, डोमार सिंह नायक, सेवाराम मंडावी, यादराम साहू, रामसाय, पुष्पेंद्र, कपिल देव केशरा, देवप्रसाद देवांगन, नैन साहू, खेमिन झारिया, दारा सिंह भौसार्य सहित कुल 90 कार्यकर्ता बालोद जिले से इस शताब्दी समारोह में सहभागिता हेतु हरिद्वार रवाना हुए। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं में इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणास्पद आयोजन को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखा गया।

## अछोटी में आज गुहा निषाद जयंती एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत निषाद समाज भरदा चगोंरी परिक्षेत्र के द्वार 18 जनवरी दिन रविवार को ग्राम अछोटी में भगवान श्रीरामचंद्र के परम भक्त सखा महाराज गुहाराज निषाद जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर गुहा राज निषाद जयंती एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन किया जाएगा। इस मंगलमय अवसर पर सुबह 8:00 बजे से भगवान रामचंद्र लक्ष्मण गुहा निषाद राज की शैल चित्र की पूजा अर्चना के बाद शोभा कलश यात्रा निकल जाएगी तथा 10 वीं एवं 12वीं के 75% से अधिक छात्र-छात्राओं तथा खेल सांस्कृतिक सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को अतिथियों के द्वारा सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ घनश्याम निषाद करेंगे इसके अलावा विशेष अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू उपस्थित रहेंगे अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज एवं गुडरण्देही विधायक कुंवर सिंह निषाद, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरू निषाद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे पखांजूर टीआई शौर्य चक्र राष्ट्रपति से सम्मानित लक्ष्मण केवट सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी शामिल होंगे।

## तितुरगहन में मानस गान सम्मेलन का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन ग्राम तितुरगहन में संपन्न हुआ। जिसके द्वितीय दिवस संध्या आरती का मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थी। अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोहारा केशव राम धनकर, धर्मेंद्र कुमार तेल्यासी, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा बोधराम हिरवानी, मोहित राम सिन्हा, भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत गोगरीपार दुखिया बाई साहू, सेवक बनपेला, नूरसिंह बनपेला के अतिथ्य में संध्या आरती हुआ। इस अवसर पर श्री रामचंद्र भगवान के तैल चित्रें पर पूजा आरती किया गया। सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू ने कहा कि आप सभी सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और रामचरितमानस के



मार्ग पर चलकर अच्छी बातों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए, रामचरितमानस के माध्यम से हमें सीख मिलता है कि हमें जीवन में अच्छे कर्म करना चाहिए और दूसरे का सहयोग करना चाहिए। सभापति डॉक्टर गंजीर ने कहा रामचरितमानस में जो हमें सिखाया जाता है, उसको हम अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए, तब हमारा रामचरितमानस करना सार्थक है और बच्चों में शिक्षा और संस्कार दे ताकि हमारे बच्चे अच्छे बने, हमारी जिंदगी सार्थक है। सभी अतिथियों ने उद्बोधन के माध्यम से जनमानस को परोसने का प्रयास किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष धीराजी राम गुरुपंच, उपाध्यक्ष लखन लाल किरण, सचिव डॉ पन्नालाल जयमाला, कोषाध्यक्ष कमलेश बनपेला, संरक्षक जीतन सिंह साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। जय सरस्वती मानस मंडली एवं समस्त ग्राम तितूरगहन की सहयोग से या कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### अंडा में जस झाकीं प्रतियोगिता 26 से

**अंडा।** दिप किरण जस झाकीं मंडली एवं समस्त ग्रामवासी आबादी पारा अंडा के तत्वावधान में दो दिवसीय जस झाकीं प्रतियोगिता 26 जनवरी व 27 जनवरी को रखा गया हैं, समिति के सदस्य राजेश धीवर ने बताया कि इस जस झाकीं को सफल बनाने के लिए आस पास के लोगों को ग्रामीण जनो से अपील हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### ग्रामीणों में उत्साह और श्रद्धा का भाव

# ग्राम मोखा में कल से 27 तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ग्राम मोखा में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी तक यह मातृशक्ति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसके भागवत आचार्य राजा पांडे जी है। परायण कर्ता डोमेन्द्र पांडे होंगे। कथा का समय दोपहर 12 बजे से हरि इच्छा तक किया जाएगा। कथा प्रसंग में प्रथम दिवस कलश यात्र वेदी पूजन एवं धुव चरित्र कथा होगा। द्वितीय दिवस ब्रह्मांड उत्पति व्यास जन्म देवी कथा प्रसंग कथा होगा। तृतीय दिवस मधु कैटभ प्रसंग, महिषासुर, रक्त बीज वध कथा होगा। चतुर्थ



दिवस वामन अवतार, समुद्र मंथन, रामकृष्ण जन्म कथा होगा। पंचम दिवस दही लूट, बाल लीला, रुक्मणी विवाह कथा होगा। षष्टम दिवस सती चरित्र, पार्वती विवाह, मनी द्वीप कथा होगा। सप्तम दिवस गायत्री महिमा, नरक वर्णन कथा होगा। अष्टम दिवस देवी भागवत महिमा, कलयुग वर्णन, तुलसी वर्षा, चढ़ोतरी एवं नवम दिवस गीता प्रवचन, भोग भंडारा शोभायात्र किया जाएगा।

इस आयोजन को करने में प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक शकुन गोस्वामी, जानकी मंडावी, विमला गंजीर, राधा सिंन्हा, अनसूईया सिंन्हा, संयोजक कांति गजेंद्र, अध्यक्ष भुवनेश्वरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष रीना सिंन्हा, सचिव कलेश्वरी ठाकुर, सह सचिव वंदना गजेंद्र, कोषाध्यक्ष मीणा नेवेंद्र, रेखा गजेंद्र, पद्मिनीसाहू, सहित ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर से व उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिंन्हा, सचिव काशी कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदय ठाकुर, फागु नेवेंद्र सहित समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

